।। न्यायालय उपखण्ड अधिकारी अलवर ।।

पीठासीन अधिकारी – श्री प्यारे लाल सौठवाल, आर०ए०एस०

कैम्प – ग्राम पंचायत भजीट

राजस्व अपील सं० 5/134/2021 तारीख रज्जू 16.11.2021

01– बलबीर सैनी पुत्र श्री छुट्टन लाल सैनी जाति माली निवासी ग्राम गुजूकी तहसील व जिला अलवर –अपीलाण्ट

बनाम

01– तहसीलदार अलवर –रेस्पोडेण्टान

अपील विरूद्ध आज्ञा दिनांक 29.11.2001 तहसीलदार अलवर

–: निर्णय :– दिनांक: 16.11.2021

अपील के संक्षेप में तथ्य इस प्रकार है कि यह अपील विरूद्ध आज्ञा तहसीलदार, अलवर तहसील व जिला अलवर के निर्णय दिनांक 29.11.2001 इंतकाल संख्या 107 के विरूद्ध पेश की गई है। अपीलाण्ट की आराजी ग्राम गुजूकी तहसील अलवर में स्थित है। आराजी खसरा नम्बर 945 रकबा 0.35 है०, 948 रकबा 0.17 है०, 949 रकबा 0.34 है०, 950 रकबा 0.23 है०, 951 रकबा 0.13 है०, 966 रकबा 0.16 है०, 967 रकबा 0.18 है० 968 रकबा 0.15 है० वाके ग्राम गुजूकी तहसील व जिला अलवर में स्थित है। जमाबन्दी सम्वत् 2071–2074 में बीरबल पुत्र छुट्टन हिस्सा 1/8 जाति माली साकिन देह खातेदार अंकित है। अपीलाण्ट द्वारा अपील के साथ प्रस्तुत फोटोकापी यथा आधार कार्ड संख्या 696752281558 में, पास बुक स्टेट बैंक बीकानेर एवं जयपुर के खाता संख्या 51116035309 में, भारत निर्वाचन आयोग पहचान पत्र संख्या आरजे/09/066/108309 में, परिवार राशन कार्ड संख्या 00323 में, भवन एवं अन्य संनिर्माण श्रमिक कल्याण मण्डल राजस्थान (श्रमिक कार्ड) पंजीकरण बी2/2018 संख्या /0002431 में, जिला स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता प्रमाण पत्र 2 अक्टूबर से 5 अक्टूबर 1985 में तथा छात्र प्रगति पुस्तिका में बलबीर सैनी अंकित है। प्रशासन गांवों के संग अभियान–2001 में इंतकाल संख्या 107 दिनांक

उपखण्ड अधिकारी
अलवर (राज०)

29.11.2001 को विरासत का इंतकाल दर्ज होकर मंजूर हुआ है जिसमें अपीलाण्ट का नाम बीरबल अंकित किया हुआ है।

अपील अपीलाण्ट दर्ज रजिस्टर हो। अपीलाण्ट को सुना। अपीलाण्ट ने अपील के साथ दफा 5 का प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र पेश किया है। अपील पेश करने में जो देरी हुई है उसे कन्डोन किया जाता है एवं अपील अन्दर मियाद शुमार की जाती है।

पत्रावली का आद्योपान्त अवलोकन किया। अपीलाण्ट द्वारा अपील के साथ प्रस्तुत फोटोकापी यथा आधार कार्ड संख्या 696752281558 में, पास बुक स्टेट बैंक बीकानेर एवं जयपुर के खाता संख्या 51116035309 में, भारत निर्वाचन आयोग पहचान पत्र संख्या आरजे/09/066/108309 में, परिवार राशन कार्ड संख्या 00323 में, भवन एवं अन्य संनिर्माण श्रमिक कल्याण मण्डल राजस्थान (श्रमिक कार्ड) पंजीकरण बी2/2018 संख्या /0002431 में, जिला स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता प्रमाण पत्र 2 अक्टूबर से 5 अक्टूबर 1985 में तथा छात्र प्रगति पुस्तिका का मनन करने पर हम इस निष्कर्ष पर पहुँचे है कि अपील अपीलाण्ट आंशिक रूप से स्वीकार किये जाने योग्य है।

अतः अपील अपीलाण्ट आंशिक रूप से स्वीकार की जाती है। तहसीलदार अलवर के आदेश दिनांक 29.11.2001 अपास्त किया जाता है एवं पत्रावली इस निर्देश के साथ प्रतिप्रेषित की जाती है कि अपीलाण्ट को पूर्ण सुनवाई का अवसर दिया जाकर इंतकाल संख्या 107 पुनः निर्णित करे।

निर्णय आज दिनांक 16.11.2021 को लिखाया जाकर कैम्प ग्राम पंचायत भजीट में मजमेआम सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर, नम्बर से कम होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

(प्यारे लाल सोठवाल)
उपखण्ड अधिकारी
अलवर
अलवर (राज०)